



# राष्ट्रगान मातृभूमि के प्रति त्रिवेणी धारा प्रवाहित करने वाला महामंत्र : उइके

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 7 नवंबर. राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

**वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर भव्य आयोजन**

**पीएम के कार्यक्रम का किया गया लाइव प्रसारण**

कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री दुर्गादास उईके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने सुमधुर और लयबद्ध स्वर में वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया, जिससे वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो उठा। इसके पश्चात नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे सभी के द्वारा देखा गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, सुधाकर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत हंसराज धुर्वे, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम गीत नहीं अपितु राष्ट्र की



चेतना को चैतन्य कराने वाला और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, भक्ति, आध्यात्मिकता की त्रिवेणी धारा प्रवाहित करने वाला यह महामंत्र है। उन्होंने बताया कि यह मंत्र जब लिखा गया तब भारत की जनसंख्या मात्र 9 करोड़ थी। आज भारत की जनसंख्या 140 करोड़ है। वंदे मातरम गीत ने सभी व्यक्ति में मातृभूमि के प्रति भक्ति भाव को बनाए रखा है। यह भूमि ऋषियों, साधकों, तपस्वियों की भूमि है। मातृभूमि के प्रति जो श्रद्धा का जागरण है, इसकी वजह से हमने गुलामी की दास्ता से मुक्ति पाकर राष्ट्र के रूप में हमारा अस्तित्व बना पाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में यह राष्ट्र लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। राष्ट्गीत वंदे मातरम ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हमारे क्रांतिकारियों ने वंदे मातरम गीत, नारों के बूते ही आंदोलन का बिगुल फूंका था और वंदे मातरम कहते-कहते अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत संकल्प अभियान में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का योगदान है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि 7 नवंबर को राष्टगीत वंदे मातरम की 150 वां वर्षगांठ समारोह पूर्वक आयोजित किया गया।

## राष्ट्र की आराधना का मंत्र है वंदे मातरम : सिंह

**सारनी।** राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 साल पूरा होने पर वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार बिष्णु सिंह उइके शासकीय महाविद्यालय सारनी में स्मरण उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष कमलेश सिंह ने कहा कि वन्दे मातरम सिर्फ गीत नही राष्ट्र की आराधना का मंत्र है। यह गीत हमें इतिहास के असंख्य बलिदानियों की याद दिलाता है एवं डेढ़ सौ वर्ष बाद भी देशवासियों को देश के लिए जीने मरने का हौसला देता है। कहा उन्होने कि इस गीत का एक एक शब्द हमें देश भक्ति की प्रेरणा देता है। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए नपा अध्यक्ष किशोर वरदे ने कहा कि आज का दिन गौरव का दिन है, क्योंकि आज राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम के 150 साल पूरे हो रहे हैं।

## राष्ट्रगान एकात्मता और एक सूत्र में पिरोने वाला मंत्र

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष व राज्यमंत्री दर्जा मोहन नागर ने कहा कि वंदे मातरम केवल राष्ट्गीत नहीं है, अपितु संपूर्ण राष्ट्र को एकात्मता और एक सूत्र में पिरोने वाला मंत्र है। राष्ट्गीत वंदे मातरम ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हमारे क्रांतिकारियों ने वंदे मातरम गीत, नारों के बूते ही आंदोलन का बिगुल फूंका था और वंदे मातरम कहते-कहते अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत संकल्प अभियान में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का योगदान है। बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि 7 नवंबर को राष्टगीत वंदे मातरम की 150 वां वर्षगांठ समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को लिखा था। वंदे मातरम गीत ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देशवासियों में देशभक्ति की भावनाओं को प्रज्वलित किया था।

## एक नजर में

### सृजन साहित्य कुंज की बैठक संपन्न

**बैतूल।** सृजन साहित्य कुंज की बैठक इंडियन कॉफी हाउस में संपन्न हुई जिसमें आगामी कार्यक्रम आसावरी 2025 पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में पुराने और नए सदस्यों ने हिस्सा लिया। यह संस्था विगत 18 वर्षो से संचालित जिले में एकमात्र महिलाओं की साहित्यिक संस्था है और सभी लेखन कार्यो में सक्रिय हैं। आज की बैठक में संस्था का वार्षिक उत्सव आसावरी 16 नवम्बर को ब्रह्मकुमारी आश्रम में आयोजित किया जा रहा है। जिसकी रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। सखियों का काव्य पाठ और सृजन सखी विद्या निर्गुड?र के काव्य संग्रह अपराजिता का विमोचन किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था की श्रीमती मधुबाला देशमुख, माधवी ठाकुर, विद्या निर्गुडकर, मीना चांदे, चित्रा धोटे, मीरा एंथोनी, अरुणा पाटणकर और ललिता कोसे आदि मौजूद थी। संस्था ने सभी से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### जिला वर्धन योजना के अंतर्गत राशि माफ के लिए आप करेंगी जन संवाद

**पाथाखेड़ा।** आम आदमी पार्टी द्वारा जल आवर्धन योजना की राशि माफ कराने को लेकर जन संवाद कार्यक्रम आज किया जाएगा। आम आदमी पार्टी सारनी द्वारा नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही जल आवर्धन योजना की राशि माफ कराने की मांग को लेकर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 15, अंबेडकर नगर, पाथाखेड़ा स्थित माता मंदिर परिसर में 8 नवम्बर शनिवार को दोपहर 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक संपन्न होगा। इस जन संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य नगर के आम नागरिकों की समस्याओं को सुनना, जल आवर्धन योजना की राशि को माफ कराने हेतु जनमत तैयार करना तथा संबंधित विभागों तक जनता की आवाज़ पहुंचाना है। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। आम आदमी पार्टी के स्थानीय नेतृत्व ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता के लिए 7 नवम्बर को शाम 4 बजे से सभी कार्यकर्ता और सम्मानित किया। वार्ड के घर-घर जाकर नागरिकों को पीले चावल देकर आमंत्रित किया। पार्टी ने सभी साथियों से अनुरोध किया है कि वे जनहित के इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं और अधिक से अधिक संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिताओं का समापन

**बैतूल।** जब बात होती है भारतीय हॉकी की, तो दिल अपने आप मेजर ध्यानचंद की यादों में चला जाता है। वही जादूगर, जिसकी स्टिक के आगे दुनिया झुकी थी, वही खेल जिसने भारत को ओलंपिक स्वर्ण दिलाया था। इसी ऐतिहासिक सफर के 100 वर्ष पूरे होने पर बैतूल के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में शुक्रवार सुबह हॉकी बैतूल द्वारा भव्य रूप से हॉकी शताब्दी वर्ष मनाया गया। तीन दिवसीय जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिताओं का समापन इसी अवसर पर हुआ। इस अवसर पर हॉकी बैतूल द्वारा नवोदित खिलाड़ियों को किट वितरित की गई और विजेता तथा



उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरुष वर्ग में टीम स्व. शुभम यादव को उपविजेता घोषित किया गया, वहीं टीम स्व. बलबीर सिंह अलुवालिया ने विजेता बनकर बैतूल का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की मेहनत और संघर्ष को देखकर दर्शकों ने तालियों से उनका स्वागत किया। जिला हॉकी संघ के सचिव जगेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि आज का दिन भारतीय हॉकी के इतिहास में मील का पत्थर है। 7 नवंबर 1925 को भारतीय हॉकी की स्थापना हुई थी और मात्र तीन वर्ष बाद 1928 के एम्सटर्डम ओलंपिक में भारत ने पहला स्वर्ण पदक जीतकर विश्व को दिखा दिया था कि यह देश सिर्फ खेलता नहीं, खेल को साधना की तरह जीता है। इसके बाद भारतीय हॉकी ने इतिहास रचा लगातार ओलंपिक स्वर्ण, विश्व विजेता का खिताब और फिर 2020 व 2024 में मिले कांस्य पदक, जो इस खेल की नई चमक हैं। तोमर ने कहा कि हॉकी खेल भारत की पहचान है, यह हर भारतीय खिलाड़ी के दिल की धड़कन है। इस अवसर पर हॉकी संघ के अध्यक्ष अक्षय वर्मा, देवेन्द्र पाटिल, अजाबराव झरबडे, हॉकी संघ के पदाधिकारी तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## आमडोह और हीरापुर पंचायत में नहीं हुई ग्रामसभा

**नवभारत, चोपना। 2 अक्टूबर के बाद से जो ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन होना सुनिश्चित रहता है, जिसका आज तक ग्राम पंचायत आमडोह और हीरापुर में ग्राम सभा का आयोजन ही नहीं हुआ है।**

इससे आम जनता परेशान है एवं ग्राम पंचायत के काम भी सुचारू रूप से नहीं हो रहा है। बैठक नहीं होने से पंचायत संबंधी गतिविधियां आम जनता तक नहीं पहुंच पा रही है। पंचो से ग्रामीण जनता द्वारा सवाल पर सवाल पूछे जा रहे हैं, जिसका कोई जवाब पंचों के पास नहीं है। ग्रामीणों ने



बताया कि इसके पूर्व मे भी 15 अगस्त के बाद वाली ग्राम सभा भी आज तक कई पंचायतो में नहीं हुई है। जिससे ग्राम पंचायत की व्यवस्थाएं बहुत ही लचर एवं कार्यप्रणाली निष्क्रिय हो चुकी है। जनपद और जिला प्रशासन भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है. ग्रामीणों की मांग है की ऐसी पंचायतो की जानकारी लेकर उनकी जांच करें और दोषियों पर कार्यवाही करें एवं तत्काल ग्राम सभा करवाई जावे, ताकि ग्रामीणों को जानकारी मिल सके।

## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन के जिला महामंत्री बने संतोष

**पाथाखेड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की बैतूल जिला इकाई का पुनर्गठन किया गया, जिसमें जिले के चार पदाधिकारियों और एक तहसील महामंत्री की घोषणा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह राय एवं जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी की अनुशंसा पर यह नियुक्तियां की गईं। घोषित सूची के अनुसार, सारनी क्षेत्र के पत्रकार एवं समाजसेवी संतोष कैथवास को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, अनिल लिल्लौरे को तहसील महामंत्री (सारनी), उमेश बचले को जिला प्रचार मंत्री, जयंत गोहे को जिला मीडिया प्रभारी तथा निखिलेश गजभिए को जिला उप मंत्री नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों का संगठन के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन के उद्देश्यों एवं समाज में मानव अधिकारों की रक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा की गई। सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे समाज में व्याप्त अन्याय, भेदभाव और कुरीतियों के खिलाफ संगठित होकर कार्य करेंगे तथा मानव अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। संगठन के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं शुभचिंतकों ने नव नियुक्त टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत : प्रशांत

**बैतूल।** पाढर मंडल में भाजपा ने संगठनात्मक मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर शुक्रवार को एसआईआर कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला मंडल प्रभारी आनंद प्रजापति के निर्देशानुसार, मंडल अध्यक्ष नन्दन यादव के मार्गदर्शन में तथा विधानसभा प्रभारी प्रशांत गावंडे के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में बूथ स्तर पर सशक्त संगठन निर्माण की दिशा में विस्तृत चर्चा की गई और बी एल ए-2 को उनके-अपने बूथों की 2025 की वोटर लिस्ट का वितरण किया गया। विधानसभा प्रभारी प्रशांत गावंडे ने कहा कि भाजपा



की असली ताकत बूथ स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि हर बीएलए-2 को अपने बूथ की वोटर लिस्ट का सूक्ष्म अध्ययन कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई मतदाता छूटे नहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि संगठन के प्रत्येक अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाएं। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक राष्ट्रगीत गायन से की गई, जिससे पूरा सभागार देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया। मंचासीन अतिथियों में एसआईआर प्रभारी सुनील राय, होरीलाल यादव, भीमराव बामने और मक्कू यादव शामिल रहे।

## मिसेज यूनिवर्स दिव्या चौधरी का 12 नवंबर को सारनी दौरा

**सारनी।** राष्ट्रीय स्तर की अग्रणी सामाजिक संस्था जन परिषद के सारनी चैप्टर के एक कार्यक्रम में मिसेज यूनिवर्स ( फर्स्ट रनरअप) दिव्या चौधरी आगामी 12 नवम्बर को सारनी में शिरकत करेगी। संस्था के पदाधिकारी ने बताया कि मिसेज इंडिया दिव्या चौधरी प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थाओं की ब्रांड एंबेसडर आगामी 12 नवंबर को शाम चार बजे सारनी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि,शिरकत करने आ रही हैं। उनके साथ जन परिषद के संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार रामजी श्रीवास्तव एवं संस्था के प्रांतीय सचिव नितिन श्रीवास्तव रहेंगे। सारनी चैप्टर के अध्यक्ष अब्दुल रहमान खान ने ने कहा कि जन परिषद राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो कि गत 36 वर्षों से सामाजिक एवम् रचनात्मक कार्यों में सक्रिय होने के साथ साथ, कई ऐतिहासिक एवम् अभूतपूर्व संदर्भ ग्रन्थों का प्रकाशन कर चुकी है। संस्था पर्यावरण पर 12 अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है। संस्था के इस समय पूरे देश में 300 एवम् विदेशो में 7 चैप्टर्स बन चुके हैं। संस्था प्रतिवर्ष उन व्यक्तियों को अलंकृत करती है।

## वन सुरक्षा समिति ने किया झूठे आरोपों का खंडन

**भौंरा।** वन परिक्षेत्र भौंरा के मालीखेड़ा क्षेत्र में हाल ही में हुई कार्रवाई को लेकर लगाए गए मारपीट, अभद्रता और अवैध वसूली के आरोपों को लेकर वन सुरक्षा समिति पंछी ने सख्त आपत्ति जताई है। समिति ने पंचनामा तैयार कर स्पष्ट किया है कि यह आरोप पूरी तरह निराधार और भ्रामक हैं, जिन्हें अवैध कटाई में पकड़े गए आरोपियों द्वारा वन विभाग और समिति की साख धूमिल करने के उद्देश्य से फैलाया गया है। वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान और सदस्यों द्वारा सोमवार को तैयार किए गए पंचनामा में विस्तार से बताया गया कि तीनों आरोपी राजकुमार टोकरा, संतोष जामनगरी और मुकेश खपरिया वन परीक्षित क्षेत्र में अवैध रूप से लकड़ी की कटाई कर रहे थे। इस बात की जानकारी मिलते ही समिति के सदस्यों ने सतर्कता दिखाई और इसकी सूचना तुरंत वन परिक्षेत्र अधिकारी भौंरा को दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम के साथ समिति के सदस्यों ने मिलकर घेराबंदी कर आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा। मौके से दो मोटरसाइकिलें और लकड़ी बरामद की गईं, जिन्हें जब्त कर विभाग ने भौंरा कार्यालय लाया। इस संबंध में उपवन मंडलाधिकारी शाहपुर उत्तम सिंग सत्या ने कहा कि आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। जिन व्यक्तियों को अवैध रूप से लकड़ी के साथ पकड़ा गया था, उन्हें आवश्यक कार्यवाही के तहत पुलिस थाना शाहपुर की कस्टडी में रखा गया था। कस्टडी में रखने से पहले आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराया गया था, और मुचलके पर छोड़े जाने से पूर्व भी उनका दोबारा मेडिकल परीक्षण किया गया, जिसमें वे पूर्णतः सही और स्वस्थ पाए गए। उत्तम सिंग सत्या ने स्पष्ट कहा कि विभाग के किसी भी कर्मचारी द्वारा किसी प्रकार की मारपीट या धन की मांग नहीं की गई। जिन लोगों को अवैध कटाई के साथ पकड़ा गया था।

## तवा-01 खदान में चोरी की वारदात का पुलिस ने किया खुलासा

**सारनी। तवा वन खदान में केबल चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने तीन कोर केबल तार बरामद किया है।**

पकड़े गए माल की कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई है। तवा खदान में घुसकर केबल चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी राहुल उर्फ डाकू को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर खदान में घुसकर केबल तार चोरी की बात को स्वीकार किया है। पुलिस ने बताया कि तवा खदान में हुई चोरी की वारदात का सफल खुलासा किया गया है। पुलिस ने



बताया कि 06 नवंबर को वेकोलि कर्मचारी अरुण वर्मा पिता प्रीतम वर्मा उम्र 31 वर्ष निवासी जैरी चौक, शोभापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तवा-01 खदान परिसर में घुसकर केबल तार चोरी की वारदात की गई है। उक्त रिपोर्ट पर चौकी पाथाखेड़ा थाना सारणी में धारा 331(4), 305(ई) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मौके से सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किए गए तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने राहुल मेलवे उर्फ डाकू पिता सुखदेव मेलवे उम्र 23 वर्ष निवासी संत रविदास नगर, पाथाखेड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी द्वारा चोरी करना स्वीकार किया गया, जिसके कब्जे से करीब 18 फीट लंबी 3-कोर वाली तांबे की तार, अनुमानित मूल्य लगभग 20,000 बरामद की गई। आरोपी राहुल मेलवे को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। आरोपी पर निगरानी रखी जा रही है तथा उसे बदमाश सूची में शामिल किए जाने की कार्यवाही प्रचलन में है। पुलिस आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने निरंतर सघन कार्यवाही कर रही है।

**समस्या** नपा 30 दिन का पैसा लेकर देती है 10 दिन पानी

## करोड़ों खर्च करने के बाद भी मुलताई में 4 दिन में आ रहा है नल

**मुलताई। नगरपालिका द्वारा नगर की पेयजल व्यवस्था के लिए पिछले कुछ वर्षो में कई करोड की राशि खर्च करने के बाद भी मुलताई वासियों की प?यास नही बुझा पा रही है।**

जिसके चलते नगरपालिका की नीतियों पर प्रश्नचिन्ह लगता दिखाई दे रहा है। नगर में वर्ष 1997 में तत्कालीन विधायक पीआर बोडखे द्वारा लाई गई हरदौली योजना जो कि लगभग 28 वर्ष बाद भी मुलताई की जनता को कोई फायदा देती हुई नही दिखाई दे रही है। जबकि योजना पर समय और पैसा दोनो काफी मात्रा में बर्बाद किया जा चुका है लेकिन नतीजा कुछ भी नही है। जहां एक ओर वर्तमान में हरदौली जलाशय में



इतना पानी है कि प्रतिदिन मुलताई की जनता को पेयजल सप्लाई दी जा सकती है। वहीं नगर पालिका की अव्यवस्था के चलते 4 दिन में एक बाद मुलताई जनता को पानी मिल रहा है। सांडिया एवं नगर के ट्यूबवेलो में वर्तमान में भरपूर पानी है, वहीं नगर में 400 शिफ्ट के लिए प्रतिदिन लगभग 2 करोड लीटर पानी की आवश्यकता होती है जो कि निकाय के पास उपलब्ध है। जिसके साथ नगर पालिका नगर में प्रतिदिन सप्लाई दे सकती है, जल प्रदाय करने के लिए पर्याप्त कर्मचारी भी है, जिससे नगर निकाय पूर्व की तरह प्रतिदिन सप्लाई दे सकती है लेकिन खराब व्यवस्था के यह संभव नही हो पा रहा है। निकाय साधनो की कमी को वजह बता रही है जबकि निकाय की लचर व्यवस्था के कारण साधन होने के बाद भी प्रतिदिन सप्लाई नही हो पा रही है।

### 30 दिनों का पैसा लेकर मिल रहा है मात्र 10 दिन पानी

नगरीय क्षेत्र में लगभग 7 हजार नल कनेक्शन है,प्रतिमाह निकाय द्वारा 90 रूपए का जलकर प्रत्येक नल कनेक्शन धारी से लिया जाता है। वही 30 दिनों का जलकर लेने के बाद भी माह में 30 दिनों के स्थान पर मात्र 10 दिवस ही जल प्रदाय किया जाता है। इस तरह निकाय द्वारा आम जनता से पूरे माह का जलकर लेकर जल सप्लाई कम दी जा रही है। जिसके चलते नगर की जनता अपने को ठगा हुआ महसुस कर रही है।

निकाय के पास भरपूर पानी है, लेकिन पर्याप्त स्टोरेज की क्षमता नही है जिसके लिए हमारे द्वारा शासन से पत्राचार किया गया है। स्टोरेज के लिए फंड मिलने पर समस्या का निदान हो जाएगा ।

**वीरेन्द्र तिवारी,** सीएमओ

कांग्रेस अध्यक्ष नीतू परमार के कार्यकाल के दौरान हमारे द्वारा एक दिन के अंतराल में जल प्रदाय किया जा रहा था। जब भी स्टोरेज की क्षमता इसी प्रकार ही थी। यदि निकाय व्यवस्था बनाए तो एक दिवस के अंतराल में पानी दिया जा सकता है जो कि जनता का अधिकार है।

**अंजली सुमित शिवहरे** पार्षद विवेकानंद वार्ड मुलताई

## सकारात्मक सोच का विज्ञान विषय पर सम्मेलन कल

**बैतूल।** ब्रह्माकुमारीज भाग्य विधाता भवन द्वारा दिव्य एवं प्रेरणादायक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य मानव जीवन में सकारात्मक सोच, आत्म जागृति द्वारा श्रेष्ठ जीवन का निर्माण करना है। इस विशेष कार्यक्रम में माउंट आबू से पधार रहे विश्व विख्यात मोटिवेशनल स्पीकर, राजयोगी ब्रह्मा कुमार सूरज भाई अपने प्रेरक विचारों द्वारा जीवन में सकारात्मक सोच और आत्म विकास के विज्ञान को साझा करेंगे।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद बैतूल ( म .प्र . )

क्रमांक/स्वा.शा./ई./14349 — बैतूल दिनांक 04/11/2025

**// ई- टेन्डर आमंत्रण सूचना //**

**(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य / सामग्री का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_460854_1 | Under Swachh Bharat Mission door to door collection from different wards of city, activities (SBM) works and services as per mentioned in tender document. | 1- 365 Days<br>2- 34547460/- | 1-15000/-<br>2- 345500/- | 06/12/2025 |

नोट : निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/nicgep/app की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बैतूल**